न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **हरसहाय बनाम सरकार** **किस्म मुकदमा – प्रार्थना पत्र स्थगन** **प्रकरण सं. – 28/2013**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
29.06.2018	अधिवक्ता अपीलान्ट उपस्थित। अधिवक्ता अपीलान्ट द्वारा निवेदन किया गया की स्थगन प्रार्थना पत्र से सम्बन्धित मूल अपील उनवानी हरसहाय पुत्र गैन्दा जाति मीना निवासी ग्राम कुटक्या तहसील लालसोट बनाम सरकार व अन्य में विरूद्ध नामान्तरकरण सं. 111 दिनांक 27.01.1983 ग्राम कुटक्या तहसील लालसोट में पत्रावली अधीनस्थ न्यायालय के मूल रिकार्ड तलब किये जाने हेतु नियत है। अतः उक्त नामान्तरकरण की क्रियान्विति प्रकरण के निर्णय किये जाने तक स्थगित रखी जाने के आदेश फरमावे। अधिवक्ता अपीलान्ट को सुना जाकर प्रार्थना पत्र स्थगन एवं मूल अपील की पत्रावलियों का अवलोकन किया गया। तत्पश्चात नामान्तरकरण सं. 111 दिनांक 27.01.1983ग्राम कुटक्या तहसील लालसोट की क्रियान्विति मूल अपील प्रकरण के निर्णित होने तक स्थगित की जाती है। निर्णय की प्रति तहसीलदार लालसोट को भिजवाई जावे। प्रार्थना पत्र स्थगन से सम्बन्धित पत्रावली फैसल शुमार होकर मूल निगरानी पत्रावली के सलग्न की जावे। निर्णय आज दिनांक 29.06.2018 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। अति0 जिला कलक्टर दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official